प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गौतमबुद्धनगर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट इंडिया चिप का किया शिलान्यास : कहा– विकसित भारत का निर्माण के लिए मेड इन इंडिया चिप जरूरी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कार्यक्रम को किया संबोधित : मुख्यमंत्री ने कहा– डबल इंजन की सरकार से प्रदेश में बना निवेश का बेहतरीन माहौल ।
3. प्रधानमंत्री कल मेरठ मे लगभग 12 हजार 930 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन : नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी। और
4. प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश आर विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा यह कार्यक्रम।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गौतमबुद्धनगर के यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर

यूनिट इंडिया चिप का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्य्मंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये गर्व का विषय है कि उत्तर प्रदेश भी भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। ये नई फैक्ट्री टेक्नोलॉजी पावर हाउस के रुप में प्रदेश की पहचान को और मजबूत करेगी। इससे प्रदेश और देश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। बाइट......

*1 हम सभी केलिए ये गर्व की बात है कि उत्तर प्रदेश भी भारत के सेमी कंडक्टर इको–सिस्टिम काबड़ा सेंटर बनने जा रहा है। HCL और Foxconn की ये नईफैक्टुरी, टेक्टोनोलोजी पावर हाउस के रूप में यूपी की नई पहचान को और ससक्त करेंगी। उत्तर प्रदेश के सांसद के रूप में भीमेरे लिए ये बहुत गर्व का क्षण है। इस सेमी कंडक्टर फैक्टुरी की वज़े से उत्तर प्रदेश के युवाओं को, देश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को टेक फ्यूचर के केंद्र के रुप में देख रही है। भारत आज सेमीकंडक्टर स्किल्स पर बहुत बल दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी होगा, जब भारत आत्मनिर्भर होगा और इसके लिये मेड इन इंडिया चिप बहुत जरूरी है। बाइट.....

*विकसित भारत का निर्माण तब ही होगा, जब भारत आत्मनिर्भर होगा और इसके लिए मेड इन इंडिया चिप होना बहुत जरूरी है। क्योंकि जब भारत की चिप मेड इन इंडिया होगी, तो हमें हमारे आधुनिक साजो सामान की मेडिफेक्टरिंग के लिए दूसरों की तरफ नहीं देखना पड़ेगा।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की वजह से प्रदेश में निवेश का बेहतरीन माहौल हुआ है। बाइट......

*ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ–साथ उत्तर प्रदेश में फेयरलेस बिजनेस, ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस का एक मजबूत इकोसिस्टम। इस दौरान डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के अंदर स्थापित करने के सामने जो कार्य आगे बढ़ाए हैं, आज उसी श्रृंखला में उत्तर प्रदेश में चौंतीस से अधिक अपने सेक्टरल पॉलिसीज के माध्यम से उत्तर प्रदेश को निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के साथ ही उत्तर प्रदेश आज डिरेगुलेशन में देश के अंदर अग्रणी राज्यों के रूप में आगे बढ़ रहा है।*

सभा को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि महज साढ़े 11 सालों में ही प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक पावर हाउस के रूप में स्थापित कर दिया है।

श्री वैष्णव ने आज संपन्न हुए एआई समिट के घोषणा पत्र की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र प्रधानमंत्री मोदी के मानव विजन पर केंद्रित है। बाइट.....

*जो प्रधानमंत्री जी का विजन है हयूमन सेंट्री मानव विजन उसको आज संपूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है। 86 कंट्री ने उस साझा दस्तावेज साइन् किया जिस पर मा प्रधानमंत्री जी का मानव विजन स्थापित हुआ है जो सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना से प्ररित है।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मेरठ में लगभग 12 हजार 930 करोड रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का

उद्घाटन करेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यहां से वे मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो का सफर करेंगे। प्रधानमंत्री 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे भारत की पहली नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम आरआरटीएस के शेष खंडों का भी उद्घाटन करेंगे। इनमें दिल्ली में सराय काले खान और न्यू अशोक नगर के बीच का 5 किलोमीटर का खंड और उत्तर प्रदेश में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच का 21 किलोमीटर का खंड शामिल है। प्रधानमंत्री मेरठ दक्षिण और मोदीपुरम के बीच मेरठ मेट्रो सेवा का भी उद्घाटन करेंगे, जो नमो भारत के ही बुनियादी ढांचे पर संचालित होगी। यह देश में अपनी तरह की पहली पहल है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का

131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ–2025 के अंतर्गत 2 दशमलव 51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3500 लाभार्थी परिवारों को भी

175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन में फर्स्ट रिस्पॉन्डर, आपदा मित्र हो सकता है। प्रधानमंत्री ने इस संबंध में बड़ा अभियान चलाया है। उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री की इस पहल को बढ़ाने का कार्य किया। बाइट......

*उप्र0 में आदरणीय प्रधानमंत्री जी की इस पहल को आगे बढ़ाने का यह काम किया है। खासतौर पर 25 जनपदों में 29772 युवा स्वयं सेवक जिसमें एनसीसी, एनएसएस एलवाईकेएस भारत स्काउट एंड गाउठ को प्रशिक्षत करके उनके साथ हम लोगों ने आपदा मित्र प्रबंधन से जुड़े जुए सभी प्रकार के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है।*

———————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के अन्तर्गत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से दावा एवं आपत्ति प्राप्त किये जाने के लिये चार विशेष अभियान दिवस आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कड़ी में कल प्रदेश के समस्त मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जा रहा है। विशेष अभियान दिवस में प्रत्येक मतदेय स्थल पर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

———————————

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आज अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एआई समिट को दश के युवाओं के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय में सबसे बड़ा सेक्टर बनने जा रहा है । इस समिट से करोड़ों डॉलर के निवेश की संभावनाएं बनी हैं और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बाइट......

*एआई समिट आज की तारीख में भी और भविष्य में भी हमारे नौजवानों के लिए एक बहुत बड़ा सेक्टर बनेगा, जिसमें हमारे नौजवान जो हमेशा से कंप्यूटर टेक्निक में, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में दुनिया को लीड किया है, यहां से लेकर सिलिकॉन वैली तक। तो उनके भविष्य के लिए इसमें बहुत सारे अवसर मिलेंगे।*

————————————

भारत दौरे पर आए गुयाना के उपराष्ट्रपति डॉक्टर भरत जगदेव ने आज अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में रामलला का दर्शन पूजन किया। दर्शन के बाद उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय के साथ श्रीराम जन्मभूमि परिसर का भ्रमण कर मंदिर निर्माण की भव्यता का अवलोकन किया और निर्माण कार्यो का जायजा भी लिया। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये।

(समाप्त)